# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-3 (सप्ताह-2)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** **समय- लगभग 60 मिनट**

| | |
|---|---|
| **विद्यार्थी का नाम- ........................................................................ शाला उपस्थिति पंजी क्र.- ..............** | |
| **शाला का नाम- ........................................................वि.ख. - ......................... जिला- ....................** | |

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां कक्षाध्यापक की मदद से अनिवार्यतः पूर्ण करें।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग-1: हिन्दी प्रश्न 1-10

   भाग-2: पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1-10

   भाग-3: गणित प्रश्न 1-10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

मम्मी-पापा के साथ मोनू बाजार से लौटी तो बहुत गुस्से में थी। पैर पटकती हुई वह घर में घुसी और मुँह फुलाकर बैठ गई। मम्मी ने बार-बार पूछा भी क्या हुआ है? पर वह चुपचाप रही। तभी मोनू के पापा कुछ सोचते हुए बोले, ''मुझे पता चल गया, हमारी मोनू का वह हरी वाली फ्रॉक चाहिए थी, है न?'' हाँ, वही फ्रॉक चाहिए, मैंने आपसे कितना कहा था दुकान पर लेकिन आपने मेरी बात सुनी ही नहीं। इतनी देर से मौन बैठी मोनू यकायक बोल पड़ी। ''मोनू कितनी फ्रॉकें हैं तुम्हारे पास अब नई लेकर क्या करोगी ? पिछले महीने तुम्हारे जन्मदिन पर नये कपड़े और जूते दिलवाए थे और उपहारों में भी तुम्हें तीन फ्रॉक मिली।'' फिजूलखर्ची अच्छी बात नहीं है। मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। उसने नई फ्रॉक की जिद छोड़ दी।

प्र. 1 मोनू को किसके रंग जैसी फ्रॉक पसंद थी–

(A) कोयल के रंग की (B) मोर के रंग की

(C) तोते के रंग की (D) कबूतर के रंग की

प्र. 2 मुँह फुलाने का अर्थ होता है

(A) रूठना (B) हँसना

(C) गाना (D) रोना

प्र. 3 मोनू को उपहार कब मिला था ?

(A) दीपावली पर (B) उत्तीर्ण होने पर

(C) शादी पर (D) जन्मदिन पर

प्र. 4 हम सामान खरीदते हैं.

(A) स्कूल से (B) बाजार से

(C) घर से (D) खेत से

प्र.5 कौन–सी बात अच्छी नहीं है?

(A) पढ़ना (B) खेलना

(C) फिजूलखर्ची (D) सोना

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

कम्प्यूटर दिखने में बॉक्स आकार जैसा उपकरण होता है जिसमें टेलीविजन जैसी एक स्क्रीन होती है जिसे 'मॉनीटर' कहते हैं। इसके साथ ही एक टाइपराइटर जैसा यंत्र होता है। जिससे हम सूचनाओं को कम्प्यूटर में प्रविष्ट कराते हैं। इस यंत्र को 'की–बोर्ड' कहते हैं। इसकी सहायता से कम्प्यूटर को जो निर्देश दिए जाते हैं। उनका परिणाम स्क्रीन पर दिखाई देता है। इस परिणाम को कागज पर छापने के लिए 'प्रिंटर' का प्रयोग किया जाता है। प्रिंटर कागज पर परिणाम छापकर हमारे समक्ष रख देता है। कम्प्यूटर में स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सिलेक्ट करने या खोलने के लिए 'माउस' का प्रयोग किया जाता है। इसमें बच्चे कई प्रकार के गेम्स खेल सकते हैं। यह वर्तमान समय का बड़ा महत्वपूर्ण उपकरण है। इससे अब समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

प्र. 6 वह उपकरण जिससे गणना, पढ़ना–लिखना और अन्य कार्य सहज हो गए हैं–

(A) प्रेस (B) पंखा

(C) कम्प्यूटर (D) पुस्तक

प्र. 7 वह क्या होता है जिससे स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सलेक्ट करते हैं –

(A) माउस (B) की बोर्ड

(C) प्रिंटर (D) स्क्रीन

प्र. 8 कम्प्यूटर सूचनाओं को टाइप करते हैं –

(A) माउस से (B) स्क्रीन से

(C) की बोर्ड से (D) प्रिंटर से

प्र. 9 कम्प्यूटर का आकार कैसा होता है?

(A) पुस्तकनुमा (B) थालीनुमा

(C) बाल्टीनुमा (D) बक्सानुमा

प्र. 10 ‘श्रम’ का समानार्थी शब्द होगा–

(A) मेहनत (B) पैसा

(C) खर्च (D) आराम

## भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र. 1 पौधे अपना भोजन बनाते होंगे –

(A) सूर्योदय से पहले (B) सूर्योदय के बाद

(C) रात्रि में (D) दोपहर में

प्र. 2 गर्म कपड़े व अनाज में कीड़े न लगें इसके लिए किस पेड़ की पत्तियों का उपयोग करेंगे ?

(A) नीम  (B) तुलसी 

(C) जामुन  (D) आम 

प्र. 3 किसी जगह बारिश ना होने का प्रमुख कारण हो सकता है –

(A) गर्मी का ज्यादा होना

(B) वृक्षों का ज्यादा होना

(C) वृक्षों की सतत् कटाई होते हुए वृक्ष कम होते जाना

(D) गर्मी का कम होना

प्र. 4 घर के बगीचे की देखभाल करना जिम्मेदारी है –

(A) केवल माँ की (B) केवल पिता की

(C) केवल बुजुर्गो की (D) घर के सभी सदस्यों की

प्र. 5 पानी का अधिक से अधिक बार उपयोग हो सके इसे बताने निम्नलिखित क्रम में से एक सही है सही क्रम बताइये –

(A) हाथ मुंह धोना – कपड़े धोना –पोंछा लगाना – पौधों में पानी डालना

(B) हाथ मुंह धोना – कपड़े धोना – पौधों में पानी डालना – पोंछा लगाना

(C) हाथ मुंह धोना – पोंछा लगाना – कपड़े धोना – पौधों में पानी डालना

(D) पोंछा लगाना – कपड़े धोना – पौधों में पानी डालना – हाथ मुंह धोना

प्र. 6 आपके विद्यालय के परिसर में कुछ पेड़–पौधे लगे हुए हैं, किसी कारणवश उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। आपकी बोतल में पानी बचा है। आप उस पानी का क्या उपयोग करेंगे –

(A) पानी को कहीं फेंक कर। (B) बचे पानी को घर ले जाकर।

(C) पानी को पौधों में डालकर। (D) पानी में खेलकर।

प्र. 7 अधिकतर लोग घर में प्रवेश करने से पहले जूते उतारकर घर में प्रवेश करते हैं।
उपयुक्त कारण होगा –

(A) यह उनके परिवार की परम्परा है।

(B) ऐसा उनके पड़ोसियों के घर में होता है।

(C) इससे बाहर की धूल उनके घर के अंदर नहीं आती।

(D) उनके घर के बुजुर्ग उनसे ऐसा करने को कहते है।

प्र. 8 यदि आप कहीं आग लगी देखेंगे तो मदद के लिए किससे संपर्क करेंगे ?

(A) पुलिस चौकी (B) अस्पताल

(C) दमकल–क्रेन्द्र (D) बैंक

प्र. 9 आप दिन भर में कितना पानी उपयोग करते हैं इसका आकलन करना आसान होगा–

(A) बाल्टी के उपयोग से, लीटर में (B) मगे के उपयोग से, मिलीमीटर में

(C) लोटे के उपयोग से, लीटर में (D) गिलास के उपयोग से, मिलीलीटर में

प्र. 10 सीता फीते से दरवाजे की लम्बाई माप रही है। फीता मापन की इकाई है –

(A) सें. मी. (B) मानक

(C) अमानक (D) ग्राम

## भाग–3 : गणित

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 3, 8, 4, 7, 5 संख्याएं निम्न में से किस विकल्प में बढ़ते क्रम में दिखाई गई हैं?

(A) 3, 8, 4, 7, 5 (B) 3, 4, 5, 7, 8

(C) 4, 5, 3, 7, 8 (D) 7, 5, 4, 3, 8

प्र.2 संख्या 569 का विस्तारित रूप क्या है?

(A) 50 (B) 56+9

(C) 5+6+9 (D) 500+60+9

प्र.3 संख्या 869 का विस्तारित रूप क्या है?

(A) 50 (B) 56+9

(C) 5+6+9 (D) 800+60+9

प्र.4 दिये गये विस्तारित रूप की संख्या क्या होगी?

400+70+8= ?

(A) 19 (B) 1900

(C) 478 (D) 415

प्र.5 552 में दहाई के स्थान पर लिखे 5 का स्थानीय मान क्या होगा?

(A) 50 (B) 552

(C) 500 (D) 5

प्र.6 600+60+6 से बनने वाली संख्या है-

(A) 600 (B) 60


(C) 6 (D) 666


प्र.7 200, 190, 180, .......... इसी क्रम की अगली संख्या है-


(A) 200 (B) 170


(C) 180 (D) 190

प्र.8 किस मकान की मकान संख्या ''दो सौ एक'' है?

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


प्र.9 एक तेल के टैंकर में 800 लीटर तेल है कुछ तेल को एक दुकान पर दे दिया गया अब टैंकर में 365 लीटर तेल रह जाता है। टैंकर से कितना तेल दिया गया?

(A) 800 लीटर (B) 1165 लीटर

(C) 365 लीटर (D) 435 लीटर

प्र.10 राकेश के पास ₹872 थे। इसमें से राकेश ने ₹356 का एक खिलौना खरीदा अब राकेश के पास कितने रूपये शेष बचे?

(A) ₹516 (B) ₹426

(C) ₹615 (D) ₹120

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-3 सप्ताह-2 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |